## Headline

1. WTC Final: विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए भारतीय टीम घोषित, अजिंक्य रहाणे की वापसी; सूर्यकुमार यादव बाहर
2. UP: सीएम योगी आदित्यनाथ को मिली जान से मारने की धमकी, 112 पर आया मैसेज- जल्द ही CM को मार दूंगा


दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 285 | इंदौर, मंगलवार 25 अप्रैल, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# फीडबैक के बाद वोटरों की नब्ज टटोल रहे भाजपाई

## विंध्य-बुंदेलखंड अंचल से मिले नेगेटिव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रीवा। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले विंध्य और बुंदेलखंड अंचल से मिले निगेटिव फीडबैक के बाद भाजपा ने इस क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है। एक तरफ जहां आरएसएस और पार्टी के पदाधिकारी इन अंचलों के जिलों में मैदानी कार्यकतार्ओं के साथ घूमकर क्षेत्र की नब्ज टटोल रहे है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा पीएम मोदी-शाह की रैली के जरिए माहौल बनाने में जुटी हुई है। सोमवार को रीवा में पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर आयोजित पंचायती राज सम्मेलन में शामिल हुए। वे 31 मिनट बोले। पीएम ने यहां से 2300 करोड़ रुपये के रेल प्रोजेक्ट्स और 7853 करोड़ रुपये की 5 नल-जल योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। रीवा में मोदी का यह तीसरा दौरा था। इससे पहले वह मई 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान और दूसरी बार नवंबर 2018 में विधानसभा चुनाव के प्रचार में आए थे। इससे पहले फरवरी में गृहमंत्री शाह सतना दौरा कर एक बड़ी रैली कर चुके हैं।

### ● लोगों का असंतोष सामने आया

प्रधानमंत्री मोदी का रीवा प्रवास सियासी तौर काफी अहम रहा। क्योंकि यह ऐसा इलाका है, जहां विधानसभा की 30 सीटें हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने इनमें से 24 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस समय भाजपा के लिए इस क्षेत्र से फीडबैक अच्छा नहीं आ रहा है। इसका कारण यह है कि चुनाव के 15 महीने बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, तब कैबिनेट में इस क्षेत्र को उम्मीद के मुताबिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला। बाद में जब इसे लेकर लोगों का असंतोष सामने आया, तब गिरीश गौतम को विधानसभा का स्पीकर बनाया गया। हालांकि, इससे भी लोगों की भावनाएं संतुष्ट नहीं हुईं। हालत ये हो गई कि पंचायत चुनावों के दौरान गिरीश गौतम के बेटे को भी हार का मुंह देखना पड़ा।

### ● इन दो अंचलों की 56 सीटों को साधने की कवायद

विंध्य और बुंदेलखंड अंचल की



56 सीटों पर सत्ता और संगठन को मिले मैदानी फीडबैक बाद पार्टी ने माइक्रो स्तर पर चुनावी रणनीति काम करना शुरू कर दिया है। प्रदेश के प्रभारी मुरलीधर राव और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल इन अंचलों के लगातार दौरे कर क्षेत्र की नब्ज टटोल रहे हैं। सीएम चौहान और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी लगातार इन क्षेत्रों के दौरे करते हुए नजर आ रहे हैं। हाल ही में राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भी यहां असंतुष्ट नेताओं के साथ बैठक करने पहुंचे थे। जबकि संगठन भी इन जिलों के सभी पदाधिकारियों से क्षेत्र में संगठन के कामकाज और बूथ विस्तार की रिपोर्ट तलब कर चुका है।

### ● निकाय चुनाव में भाजपा को इस क्षेत्र से लगा है झटका-

दरअसल, 2004 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा का इन अंचलों में दबदबा बढ़ा है। 2018 के विधानसभा चुनावों में पार्टी को यहां सर्वाधिक सीटें मिलीं थीं। लेकिन निकाय चुनाव के दौरान पूरे अंचल में सत्ताधारी दल को भारी नुकसान उठाना पड़ा था। सिंगरौली से जहां प्रदेश में पहली बार आम आदमी पार्टी की एंट्री हुई। मेयर के पद भी आप का कब्जा हुई। रीवा में भी कांग्रेस महापौर बन गया। सीधी और चुरहट में भी कांग्रेस पहले के मुकाबले और मजबूत हुई। जिससे भाजपा की चिंता को बढ़ा दिया। इसी वजह से सत्ता और संगठन के नेताओं ने इस अंचल का दौरा करना शुरू कर दिया है। भाजपा यहां विकास की सौगात देकर यहां के लोगों को यह अहसास कराने में जुटी है कि क्षेत्र के लोगों की अनदेखी नहीं की जा रही है।

### ● पीएम ने कांग्रेस और कमलनाथ को लिया आड़े हाथों-

रीवा की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर पंचायतों से भेदभाव का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पूज्य बापू कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है, लेकिन कांग्रेस ने गांधी के विचारों को अनसुना किया। 90 के दशक में पंचायती राज के नाम पर खानापूर्ति की। गांव के लोगों को बांटकर राजनीतिक दलों ने अपनी दुकानें चलाईं। छिंदवाड़ा के जिन लोगों पर आपने लंबे समय तक भरोसा किया, वे इस क्षेत्र के विकास को लेकर उदासीन क्यों रहे, इसका जवाब उनकी सोच में है।

# धान खरीदी में गड़बड़ी : 5 माह बाद भी नहीं मिली धान उपार्जन की राशि, किसानों को डिफाल्टर होने की चिंता, नहीं कर पा रहे मांगलिक कार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर**। समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन में केसली के दिगंबर स्व-सहायता समूह के खरीदी केंद्र पर बड़ी गड़बड़ी पकड़ी गई थी। जांच के दौरान यहां करीब 35 हजार बोरियों में धान की जगह भूसा भरा मिला था। इसके बाद टीम ने बोरियों को जब्त कर केंद्र को बंद कर दिया था लेकिन इस केंद्र पर धान बेचने वाले किसानों को 5 माह बाद भी भुगतान नहीं हुआ है। इससे किसान परेशान हैं और उन्हें डिफॉल्टर होने की चिंता सता रही है।

किसानों का कहना है कि भुगतान नहीं होने से घर में कोई मांगलिक कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं। केसली ब्लॉक के सैकड़ों किसानों का लाखों रुपए का भुगतान फंसा हुआ है। इस गड़बड़ी के बाद समूह संचालक मीना जैन व खरीदी केंद्र प्रभारी विवेक जैन के खिलाफ केसली थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। किसान भुगतान की मांग सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने से लेकर कलेक्टर व एसडीएम तक कर चुके हैं। इसके बाद कलेक्टर ने कहा था कि आरोपियों की संपत्ति कुर्क कर किसानों का भुगतान किया जाएगा लेकिन अब तक यह कार्यवाही पूरी नहीं हुई है। इससे किसानों को भुगतान नहीं हुआ।

### केस-1 - सीएम हेल्पलाइन पर भी कर चुके शिकायत

केसली के मदनी गांव के किसान वीर सिंह राजपूत ने बताया कि उन्होंने दिगंबर स्व-सहायता समूह के खरीदी केंद्र पर 133 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेची थी। जिसका भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। करीब 2 लाख 75 हजार रुपए भुगतान बन रहा है। भुगतान की मांग को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर चुके हैं, कलेक्टर को दो बार, एसडीएम को दो बार और खाद्य विभाग में भी एक बार आवेदन दे चुके हैं।

### केस-2 - मजदूरों तक को नहीं कर पा रहे भुगतान

केसली ब्लॉक के बम्हौरी गांव के किसान झलकन सिंह राजपूत ने बताया कि परिवार के दो लोगों ने 64 क्विंटल धान बेचा था। जिसका 1 लाख 30 हजार रुपए का भुगतान 5 माह बाद भी नहीं हुआ है। इससे वे खाद-बीज वालों को पैसा नहीं दे पाए। जिन मजदूरों ने धान के खेत में मजदूरी की थी उन्हें भी पैसे नहीं दिए। गेहूं की फसल भी इस बार बारिश से प्रभावित हो गई है इसलिए गेहूं का उत्पादन कम हुआ है।

### केस-3 - डिफाल्टर होने की सता रही चिंता

मदनी के रघुराज सिंह ने बताया कि उन्होंने करीब 200 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेची थी। जिसका करीब 4 लाख रुपए का भुगतान फंसा है। भुगतान की मांग कलेक्टर-एसडीएम से भी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि भुगतान न होने से बैंक का लेन-देन भी रुक गया है। डिफॉल्टर होने की चिंता अलग सता रही है। मोटर, पाइप, खाद-बीज खरीदने भी पैसे नहीं है। घर में कोई मांगलिक कार्य की तैयार तक नहीं कर पा रहे।

# अति खतरनाक भवनों की सर्वे कर सूची 7 दिन में तैयार करने के निर्देश

## कुंए-बावड़ी को संरक्षित व सुरक्षित करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नेहरू पार्क स्थित स्मार्ट सिटी आफिस में आयोजित भवन अनुज्ञा शाखा की समीक्षा बैठक में आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा समीक्षा बैठक के दौरान शहर में स्थित खतरनाक भवनो की सूची पर वन टू वन चर्चा की गई तथा निर्देश दिये गये कि आगामी 7 दिवस में सभी खतरनाक भवनो को पुनः सर्वे कर ले और अति खतरनाक भवनो को चिंहाकित करे और उनकी पृथक से सूची बनाये।**

कमिश्नर ने कहा की खतरनाक भवन अथवा भवन के खतरनाक हिस्से को हटाने के लिये 7 दिवस का नोटिस जारी करे, खतरनाक भवन की सूची में जो शासकीय भवन थे, उनके विभाग प्रमुख को पत्र लिखने के भी संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये गये। भवन अनुज्ञा विभाग की समीक्षा के दौरान किस प्रकार से भवन अनुज्ञा नक्शे के लिये आवेदन प्राप्त होते हुए, किस प्रकार से आवेदनो पर कार्य किया जाता है, नक्शा प्राप्त होने के पश्चात कितने दिन में स्वीकृति कार्यवाही की जाती है, वर्तमान में कितने नक्शे लंबित है, इसके साथ ही हाईराईज बिल्डिंगो मे फायर सेफटी आदि के संबंध में क्यां-क्यां प्रावधान है और किस प्रकार से हाईराईज बिल्डिंग के नक्शे स्वीकृत किये जाते है, यह भी जानकारी ली गई।

इसके अतिरिक्त आयुक्त द्वारा शहर में स्थित कुएें-बावडी की भी समीक्षा की गई तथा स्पष्टतः रूप से निर्देशित किया गया कि किसी भी वॉटर बॉडी को बंद नही करना है, उन्हे सुरक्षित व संरक्षित करना है। शहर में स्थित खुले कुऐं-बावडी को सुरक्षित करने के लिये उस पर जाली लगाकर फोटो एवं जीपीएस लोकेशन के साथ सूची भी बनाये। कोई कुऐं-बावडी निजी स्थान पर हो तो उसके फोटोग्राफ ले, उसमें क्यां किया जाना है तथा उस संबंध में संबंधित को अवगत करावे। कुऐं-बावडी यदि धार्मिक स्थल, धर्मशाला व व्यवसायिक स्थल पर हो तो उसकी प्राथमिकता से सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किये जावे, साथ ही संबंधित को नोटिस भी देवे तथा नोटिस में यह भी बताये कि उन्हे यह बताऐं कि सुरक्षा की दृष्टि से कुऐं-बावडी पर क्यां कार्य किया जाना है, साथ ही कुऐं-बावडी के आस-पास सूचना संबंधित बोर्ड भी लगावे।

आयुक्त श्रीमती सिंह द्वारा आगामी सर्वेक्षण को दृष्टिगत रखते हुए, शहर में जहां पर भी निर्माण कार्य हो रहे है, उन्हे ग्रीन नेट से ढकना सुनिश्चित करे। इसके अतिरिक्त जहां पर भी सी एंड डी वेस्ट पडा है, उसे हटाने का अभियान चलाने के निर्देश दिये गये। भवन अधिकारी द्वारा सी एंड डी वेस्ट हटाने के लिये संसाधन की मांग करने पर आयुक्त द्वारा प्रत्येक झोन पर एक टैक्टर व ट्रॉली उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये तथा जहां पर भी सी एंड डी वेस्ट बाहर फैंका जाता है, वहां पर संबंधित के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

# 30 अप्रैल तक पूरे शहर की स्ट्रीट लाइट को एलईडी में बदलने का दिया टारगेट

## अभी तक कम्पनी 44 हजार स्ट्रीट लाइट हटाकर एलईडी लगा चुकी है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम स्ट्रीट लाइट बदलकर एलईडी लाइट लगाने का काम करवा रहा है। शहर में लगी 85 हजार स्ट्रीट लाइट में से ठेकेदार एजेंसी अभी 44 हजार के आसपास ही एलईडी में बदल पाई है। लाइट बदलने के काम की कछुआ चाल पर महापौर और विद्युत विभाग के प्रभारी नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। साथ ही ठेकेदार एजेंसी को 30 अप्रैल तक संपूर्ण स्ट्रीट लाइट को एलईडी में बदलने का टारगेट दिया गया। इसके हिसाब से काम न होने पर निगम से बाहर करने की चेतावनी दी गई। बावजूद इसके काम में गति नहीं आई है। ऐसे में अब ठेकेदार एजेंसी निगम से बाहर होती नजर आ रही है, क्योंकि 9 दिन में 41 हजार स्ट्रीट लाइट एलइडी में बदलने से रही।

एलईडी लाइट से शहर को रोशन करने में निगम और विद्युत विभाग लगा है। बिजली बचाने के लिए निगम ने यह काम शुरू किया, लेकिन इसको पूरा करने में विद्युत विभाग के अफसरों को पसीने छूट रहे हैं। काम को शुरू हुए तकरीबन 8 महीने हो गए हैं। पिछले महीने 16 मार्च को महापौर पुष्यमित्र भागर्व और विद्युत विभाग के प्रभारी जीतू यादव ने शहर में स्ट्रीट लाइट की जगह लगाई जा रही एलईडी लाइट के कार्य की समीक्षा की थी। इस दौरान ठेकेदार एजेंसी एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड ( ईईएसएल) के कलस्टर हेड अजय राय और गौरव दुसाने के समक्ष लाइट बदलने के काम में ढिलाई पर गहरी नाराजगी महापौर भार्गव ने जताई थी। साथ ही 30 अप्रैल तक संपूर्ण स्ट्रीट लाइट को एलईडी में तब्दील करने का टारगेट दिया था। तय समय तक लाइट न बदलने पर ठेकेदार एजेंसी ईईएसएल को निगम से बाहर करने की चेतावनी दी गई थी। इसका ज्यादा असर ठेकेदार एजेंसी पर नहीं हुआ, क्योंकि चेतावनी के बाद पिछले सवा महीने में 21 हजार स्ट्रीट लाइट को एलईडी में बदला गया है। चेतावनी के पहले आंकड़ा 23 हजार का था। अब 9 दिन में 41 हजार स्ट्रीट लाइट को एलईडी में तब्दील करना है वरना ठेकेदार एजेंसी निगम से बाहर हो जाएगी। तय समय में काम पूरा न होने पर ईईएसएल को टर्मिनेट करने के आदेश महापौर भार्गव ने विद्युत विभाग के अफसरों को दे रखे हैं।

शहर के प्रमुख मार्गों, सड़क और वार्डों की कॉलोनी मोहल्लों में एलईडी लाइट लगाने का काम किया जा रहा है। विद्युत विभाग शहर में लगी 4, 24, 2,24, 28 व 40 वॉट की लाइट, 250 वॉट के सोडियम व 400 वॉट मेटल हेलाईड को बदल रहा है।

# बेकलेन में कचरा फैंका, येवले चाय पर 5 हजार का स्पॉट फाईन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महापौर पुष्यमित्र भार्गव व आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह के निदेर्शानुसार शहर की स्वच्छता को धूमिल करने वालो के साथ ही शहर में किसी प्रकार से कचरा व गंदगी करने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने के क्रम में झोन क्रमांक 11 वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत सरवटे बस स्टेण्ड स्थित येवले चाय द्वारा कचरा व गंदगी करने पर रुपए 5 हजार का स्पॉट फाईन किया गया।

सीएसआई आशीष कापसे ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत लगातार झोन क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सरवटे बस स्टेण्ड की गलियों में कचरा व गंदगी पाये जाने पर क्षेत्रीय दरोगा व उनकी टीम द्वारा कचरा की जांच करने पर दस्तावेज के आधार पर सरवटे बस स्टेण्ड स्थित येवले चाय दुकान का कचरा होना पाये जाने पर सीएसआई आशीष कापसे व स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर सरवटे बस स्टेण्ड स्थित येवले चाय पर बेकलेन में कचरा व गंदगी करने पर रुपए 5 हजार का स्पॉट फाइन करने की कार्यवाही की जाकर रोड व बेकलेन में किसी भी प्रकार का कचरा ना फैंकने व गंदगी ना फैलाने की समझाईश भी दी गई। कार्यवाही के दौरान सीएसआई आशीष कापसे, सहायक सीएसआई लोधी, वार्ड दरोगा रवि, संस्था बेसिक्स झोन इंचार्ज कैलाश व अन्य उपस्थित थे।

# बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण को देना होगा बढ़ावा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हेल्दीएजिंग को परिभाषित करते हुए कहा है कि इस तरह की फंक्शनलएबिलिटी को डेवलप और मैंटेन करना, जिससे बड़ी उम्र में भी बेहतर जीवन सुनिश्चित हो सके। डब्ल्यूएचओ ने अपनी डेकेड ऑफ हेल्दीएजिंग-बेसलाइन रिपोर्ट- 2020 में हेल्दीएजिंग के लिए वयस्कों के टीकाकरण को महत्वपूर्ण रणनीतियों में शुमार किया है। इंदौर के तारण ऑन्को केयर के ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राकेश तारण ने कहा, हमारे शरीर की प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रणाली हमें विभिन्न संक्रमणों से बचाती है, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, यह प्रतिरक्षा शक्ति कम होने लगती है, इस प्रक्रिया को ह्यइम्यूनोसेनेसेंस कहा जाता है। इस कारण से बड़ी उम्र के लोगों में शिंगल्स, न्यूमोनिया और इन्फ्लूएंजा जैसे गंभीर संक्रमणों का खतरा बढ़ जाता है। टीकाकरण इस तरह के संक्रमणों से बचने में मदद करता है और बुजुर्गों को जानलेवा जटिलताओं से सुरक्षित रखता है। मैं हर महीने शिंगल्स के 3-4 मरीज देखता हूं, जो गंभीर दर्द से जूझ रहे होते हैं। 50 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी वयस्कों को मेरा सुझाव है कि अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए टीकाकरण कराएं और शिंगल्स जैसी बीमारियों का टीका लगवाकर खुद को सुरक्षित रखें। भारतीय आबादी की उम्र तेजी से बढ़ रही है। 2020 में 50 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या 26 करोड़ थी, जो 2036 तक 40.4 करोड़ पर पहुंच जाने का अनुमान है 2 , जो उस समय की कुल अनुमानित जनसंख्या के 27 प्रतिशत के बराबर होगी।

# अस्थाई बेलेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति स्थापना 30 अप्रैल को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। 30 मार्च को हुए बावड़ी हादसे के बाद अब यहां अस्थाई मंदिर बनेगा। टीन शेड लगाकर यहां भगवान की प्रतिमाओं की स्थापना होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रतिमाओं को कैसे स्थापित किया जाएगा। इसकी प्लानिंग की जा रही है।**

श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में हुए बावड़ी हादसे में 36 लोगों की जान चली गई थी। इसके बाद बावड़ी और यहां बने निमार्णाधीन मंदिर को ढहा दिया गया था। विरोध में समाज जन और रहवासियों ने पैदल मार्च निकालकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इसी दिन सीएम शिवराज सिंह चौहान ने मंदिर फिर से बनाने की घोषणा कर दी थी। कुछ दिन पहले श्री बेलेश्वर महादेव झूलेलाल संघर्ष समिति के सदस्य विधायक मालिनी गौड़ के साथ भोपाल पहुंचे थे और वहां मंदिर के विषय में सीएम से चर्चा की थी।

चर्चा के बाद अब एक नई समिति बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर समिति तैयार की गई है। इसमें ललित पारानी को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि कार्यकारी मंडल में राम छुगानी, लक्ष्मीकांत पटेल, मनीष रिझवानी, कांतिभाई पटेल, सुनील वाधवानी, उत्तम तोलनी, हरीश भाटिया, रमेशभाई पटेल, राम वाधवानी रहेंगे। समिति के कोषाध्यक्ष नरेश ज्ञानवानी होंगे। समिति में मुख्य रूप से 11 सदस्य हैं।

### 30 अप्रैल को निकालेंगे शोभायात्रा

समिति अध्यक्ष ललित पारानी ने बताया कि 30 अप्रैल को अस्थाई रूप से टीन शेड का मंदिर तैयार हो जाएगा। शेड 15 बाय 30 स्क्वायर फीट में बनाया जाएगा। फिलहाल मंदिर की जो प्रतिमाएं हैं वह कांटा फोड़ मंदिर में रखी हुई है। 30 अप्रैल को प्रतिमाओं को वहां से सिंधी कॉलोनी लाया जाएगा। सिंधी कॉलोनी से सुबह एक भव्य शोभायात्रा निकाला जाएगी। शोभायात्रा के साथ भगवान की सभी प्रतिमाओं को बेलेश्वर महादेव झूलेलाल अस्थाई मंदिर पर लाया जाएगा। यहां पंडितों के द्वारा पूरे विधि-विधान से प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा। मंदिर में शिवलिंग, राम दरबार, मातारानी, भगवान झूलेलाल, बजरंगबली की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी।

### मंदिर से जुड़ी है हजारों भक्तों की आस्था

पारानी ने बताया कि जो पुराना मंदिर था, उससे हजारों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। आज यहां भगवान की प्रतिमाएं नहीं हैं, लेकिन लोग इस जमीन पर आकर शीश नवा कर जाते हैं। सुबह और शाम दोनों वक्त यहां पर भक्त आते हैं। मूर्ति स्थापना के साथ ही यहां पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में क्या कुछ बनेगा और पूरी व्यवस्था कैसे रहेगी, इसे लेकर समिति के सदस्य प्लानिंग करेंगे।

### मंदिर की जमीन पर लगे भगवा ध्वज

मंदिर की जमीन पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर भगवा ध्वज भी लगे हैं। पारानी ने बताया कि ये भक्तों द्वारा ही यहां लगाए गए हैं। कई भक्त पैदल मार्च में गए थे, उस वक्त जो भगवा ध्वज उनके हाथों में थे वही ध्वज वे यहां पर लगाकर गए हैं।

## सिंधु दर्शन यात्रा में जाएँगे इंदौर से सैकड़ों समाजजन

### 18 से 21 जून 2023 तक आयोजित होगी 27 वीं सिंधु दर्शन यात्रा

इंदौर । सांस्कृतिक,धार्मिक व सामाजिक एकता का प्रतीक सिन्धु दर्शन महोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 से 21 जून 2023 तक लेह-लद्दाख में पवित्र सिन्धु नदी के किनारे पर आयोजित होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए भारतीय सिंधु सभा इंदौर के संभाग प्रभारी सुरेंद्र लछवानी, अध्यक्ष रवि भाटिया एवं महामंत्री नरेश फुँदवानी और सुनील वाधवानी ने बताया कि राष्ट्रीय गौरव तथा स्वाभिमान की प्रतीक सिंधु दर्शन यात्रा का यह 27 वां वर्ष है। भारतीय सिंधु सभा इंदौर की श्रीमती सरिता मंगवानी एवं युवा शाखा के अध्यक्ष नरेश चेलानी ने बताया कि भारतीय संस्कृति का अभ्युदय एवं विश्व में भारत की पहचान महान सिन्धु सभ्यता से है। उसी महान सिंधु सभ्यता का प्रतीक सिंधु नदी कैलाश मानसरोवर से निकलकर लेह में प्रवेश करती है। यात्रा तथा महोत्सव में शामिल होने के लिए पंजीयन आरम्भ हो चुके हैं जिसकी अंतिम तिथि 7 मई 2023 है मगर संख्या पूरी हो जाने के दौरान उसके पहले भी रजिस्ट्रेशन बंद किये जा सकते है । निशुल्क पंजीयन पत्र इंदौर शहर में भारतीय सिंधु सभा, इंदौर शाखा के पदाधिकारियों के पास उपलब्ध हैं ।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर अपनी जरूरत बताकर उनसे अलग-अलग



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

शिवराज का दावा

# मोदी ने किसानों को आय दोगुनी करने का वचन दिया था, मध्यप्रदेश ने उसे पूरा किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रीवा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वचन के मुताबिक मध्यप्रदेश में किसानों की आय दोगुनी करने में सफलता मिली है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के बताए हुए रास्ते पर चलकर हम अपने प्रदेश को और दुनिया को बचाने में अपना योगदान दें।

रीवा में पंचायती राज दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश और प्रदेश बदल रहा है। विंध्य क्षेत्र में भी रोड कनेक्टिविटी और सिंचाई क्षेत्र के साथ ही सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसान की आय दोगुनी करने का वचन दिया था। प्रदेश में गेहूं, धान और सरसों का उपार्जन बढ़ा है। प्रधानमंत्री की मंशानुरूप किसानों की आय दोगुना करने का काम मध्यप्रदेश की धरती पर पूरा हुआ है। जल जीवन मिशन में ग्रामवासियों को घर में नल से जल उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में व्यापक स्तर पर गतिविधियां जारी हैं। विंध्य क्षेत्र को रेल कनेक्टिविटी के साथ नये एयरपोर्ट की सौगात भी मिल रही है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने धरती को बचाने और पर्यावरण-संरक्षण के लिए अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। प्रदेशवासी पर्यावरण-संरक्षण और धरती की सेहत में सुधार के लिए संकल्पित हों। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेशवासियों को बिजली बचाने, पानी बचाने, पेड़ लगाने, प्राकृतिक खेती को अपनाने और स्वच्छता में योगदान देने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के कार्यक्रम में पधारकर प्रधानमंत्री ने ग्रामवासियों का उत्साह बढ़ाया है। यह इस बात का संकेत है कि प्रधानमंत्री गांव, गरीब और किसान से निकट से जुड़े हैं। उन्होंने पंचायती राज और ग्रामीण विकास की बेहतरी के लिए निरंतर प्रेरणा दी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में कार्बन न्यूट्रल पंचायत, पानीयुक्त गांव, ग्रीन पंचायत के माध्यम से प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### जल जीवन मिशन की 7,853 करोड़ रुपये की 5 परियोजनाओं का शिलान्यास



प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम में जल जीवन मिशन की लगभग 7,853 करोड़ रुपये की पांच परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें रीवा जिले की 2319 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की 1411 गांव में पानी पहुँचाने वाली रीवा बाणसागर परियोजना, 2153 करोड़ 12 लाख रुपये लागत की रीवा और सतना जिले के 295 गांव को लाभान्वित करने वाली सतना बाणसागर-2 परियोजना जल-प्रदाय योजना, 1641 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत की 677 गांव में पीने का पानी पहुंचाने वाली सीधी बाणसागर समूह नल-जल योजना, 951 करोड़ 18 लाख रुपये लागत की रीवा जिले के 630 गांव को लाभान्वित करने वाली टमस समूह नल-जल योजना और 788 करोड़ 63 लाख रुपये लागत की 323 गांव को लाभान्वित करने वाली गुलाब सागर समूह जल-प्रदाय योजना शामिल है। इन योजनाओं से 4 हजार 36 गांव के लगभग 9 लाख 48 हजार परिवार लाभान्वित होंगे।

### एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का शुभारंभ

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशभर की पंचायतों के लिए एकीकृत ई-ग्राम स्वराज और जीईएम पोर्टल का लघु फिल्म के माध्यम से राष्ट्रीय शुभारंभ किया। इस एकीकृत पोर्टल से पंचायतें सामान और सेवाओं की खरीद और उनका भुगतान डिजिटल तरीके से कर सकेंगी। आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के लिए समावेशी विकास थीम का भी शुभारंभ किया। लघु फिल्म से 'एकम समावेशी विकास' वेबसाइट और मोबाइल एप को राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च किया गया। सरकार की योजनाओं का पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री ने 'विकास की ओर साझे क़दम' अभियान का भी शुभारंभ किया। समावेशी विकास पर केन्द्रित इस अभियान में अंतिम छोर तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## अनजान कॉल पर एक हेलो से मिली लापता

● पांच माह से पुलिस और परिजन कर रहे थे तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर**। ग्वालियर में पांच माह से लापता नाबालिग को झांसी रोड थाना पुलिस ने सूरत से बरामद कर लिया है और उसे अगवा कर ले जाने वाले आरोपी को भी पकड़ा है। आरोपी नाबालिग है और उस पर हत्या के प्रयास का मामला भी दर्ज है। बरामद नाबालिग व आरोपी को पुलिस निगरानी में लेकर ग्वालियर ले आई है। पुलिस को नाबालिग बरामद करने में मोबाइल पर आए एक अनजान नंबर से लीड मिली। नाबालिग ने अपने घर फोन कर सिर्फ हेलो बोला था। पांच माह से उसकी तलाश में जुटी पुलिस के हाथ जब यह लीड लगी तो पुलिस ने काम किया और बगैर ढील दिए उस समय तक काम किया, जब तक नाबालिग को बरामद कर लिया। झांसी रोड थाना प्रभारी शैलेन्द्र भार्गव ने बताया कि पांच माह पूर्व नाकाचंद्रबदनी से एक सोलह वर्षीय नाबालिग छात्रा लापता हो गई थी।

### कोचिंग संचालक को बेरहमी से पीटा

ग्वालियर। माधौगंज क्षेत्र के लक्कडख़ाना पुल पर देर रात कोचिंग संचालक चेतन शर्मा पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने कोचिंग संचालक को बचाने आए उसके साथियों को भी डंडो से पीटा। हमले के बाद हमलावर फरार हो गए। घटना की सूचना पर देर रात पुलिस तक पहुंची। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल चेतन व उसके साथियों को अस्पताल पहुंचा दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वारल हो रहा है।

## पानी भरने की बात पर खूनी संघर्ष, 6 लोग घायल

● एक दिन छोड़कर जलप्रदाय होने से लोग हो रहे परेशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। शहर में एक दिन छोड़कर जल प्रदाय होने से लोग पानी के लिए परेशान हो रहे है। जिसके चलते पानी के लिए विवाद होने भी शुरू हो गये हैं। महाकाल थाने के कोट मोहल्ला क्षेत्र में दो पक्षों के बीच पानी भरने की बात को लेकर कहासुनी से शुरू हुआ विवाद ल_ और हथियारों के हमले तक पहुंच गया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना में पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज किया है।**

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि कोट मोहल्ला क्षेत्र की गली नंबर 4 में रहने वाले फैयाज मोहम्मद पिता मोइनुद्दीन सिद्दीकी और गली नंबर 5 में रहने वाले रियाज पिता बाबू खान उम्र 62 साल के बीच सरकारी बोरिंग से पानी भरने की बात को लेकर विवाद हुआ था। इसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बड़ा कि देखते ही देखते दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर ल_ और लोहे के पाईप से हमला कर दिया। मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। महाकाल थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 323, 324, 294, 506, 34 में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### ● बोरिंग का वॉल बंद करने पर हुआ विवाद

अस्पताल में अपने परिजनों का इलाज करा रहे रियाज ने बताया कि उसका परिवार सरकारी बोरिंग से पानी भर रहा था तभी वहां फैयाज आ गया और उसने सरकारी बोरिंग का वॉल बंद कर दिया और कहाकि अब पानी भरने की बारी हमारी है। रियाज के परिवार इस बात पर विरोध किया तो फैयाज और उसका परिवार विवाद करने लगा। हमले में रियाज के नवासे फरदीन, भांजे अमीर, बेटे अकरम, भांजी गुलनाज, बहन शमशाद के साथ ही अन्य लोग घायल हुए है। रियाज ने फैयाज और उसके परिवार पर हमले का आरोप लगाया है, वहीं फैयाज ने भी रियाज और उसके परिवार को दोषी बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीएम शिवराज, वसुंधरा राजे ने खींचा मां पीतांबरा का रथ

मुख्यमंत्री बोले- महाकाल लोक की तर्ज पर बनेगा पीतांबरा लोक



दतिया। दतिया में मां पीतांबरा का प्राकट्य दिवस मनाया गया। दतिया गौरव दिवस के रूप में मनाए गए इस उत्सव में सीएम शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हुए। माई की रथ यात्रा शाम 6 बजे नगर भ्रमण पर निकली। इसकी शुरूआत सीएम शिवराज सिंह, राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे और गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने माई के रथ को खींचकर की। रथ में पीतांबरा माता और स्वामीजी महाराज विराजित थे।

**माई की कृपा, विकास के लिए बजट बढ़कर मिला-** सीएम ने मंच से कहा- गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा की मांग थी कि महाकाल लोक की तर्ज पर पीतांबरा लोक दतिया में बनाया जाए। इसके अलावा उन्होंने स्टेडियम की मांग की थी। साथ ही हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाने की भी इच्छा जाहिर की थी। मैं सीएम बनता गया और माई की कृपा से मुझे हर बार प्रदेश के विकास के लिए बजट बढ़कर मिला। इस बार भी तीन लाख करोड़ का बजट है। यहां माई का आशीर्वाद है। यह माई को अर्पण... नरोत्तम जी जो बनवाना है बनवा लो। महाकाल लोक की तर्ज पर पीतांबरा लोक तो बनाया ही जाएगा।

### ● भजनों पर जमकर झूमे भक्त

मां की यात्रा को निहारने के लिए दोपहर से भक्तों की भीड़ मंदिर के बाहर उमड़ पड़ी। जैसे ही शाम 4 बजे मंदिर के उत्तर द्वार से माई का भव्य रथ सजा कर भक्तों के बीच लाया गया, माई के जयकारें से पूरा परिसर गूंज उठा। परिसर पर बने मंच से कलाकार भजनों की प्रस्तुति दे रहे थे। यहां भजनों पर भक्त जमकर झूमे।

## प्रदेश में 45 नए दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र खोलेगी सरकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में सरकार 45 नए दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र खोलेगी। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। दीन दयाल अंत्योदय रसोई योजना के तहत 25 चलित केंद्र एवं 20 स्थायी केंद्र शामिल हैं।**

धार्मिक महत्व के स्थल और मंडीदीप, पीथमपुर जैसी औद्योगिक नगरी में एक-एक रसोई केंद्र संचालित किए जाएंगे। 20 हजार से अधिक संख्या वाले निकायों में स्थायी दीनदयाल अंत्योदय रसोई केंद्र खोले जाएंगे। बड़े शहरों में चलित केंद्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसी संस्थाएं जो स्वेच्छा से शासन के इन केंद्रों पर भोजन उपलब्ध कराना चाहती हैं, उन्हें भी योजना से जोड़ा जाएगा।

**गरीब परिवारों के लिए संचालित की जा रही योजना-** प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में व्यवसाय एवं श्रम कार्यो के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से गरीब परिवारों का आगमन होता है। कार्य एवं व्यवसाय की तलाश में आने वाले गरीब परिवारों को भोजन के लिए भटकना पडता है। ऐसे गरीब शहरी परिवारों को सस्ते दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से प्रदेश में दीनदयाल अन्त्योदय रसोई योजना शुरू की गई है। छह धार्मिक नगरी मैहर, अमरकंटक, महेश्रवर, ओमकारेश्रवर, चित्रकूट एवं ओरछा सहित प्रदेश के 52 जिलों में 104 रसोई केंद्रों का संचालन किया जा रहा है।

# संपादकीय

## बंद हुआ लुका-छिपी का खेल

जब पुलिस अमृतपाल को पकड़ने के लिए सक्रिय हुई, तब भी वह कैसे पुलिस घेरे के भीतर से भाग निकला, इस सवाल का जवाब अभी तक नहीं मिल सका है। पैंतीस दिनों तक वह लुकाछिपी का खेल खेलता रहा। कभी कहीं किसी सीसीटीवी में वह नजर आ जाता, तो कभी कहीं। जबकि उसे पकड़ने के लिए केंद्रीय सुरक्षाबल और पंजाब पुलिस मिल कर तलाशी अभियान चला रहे थे। अमृतपाल पिछले करीब छह महीने से 'वारिस पंजाब दे' नामक संगठन के जरिए खालिस्तान के समर्थन में लोगों को उकसा रहा था। इस बात के भी प्रमाण उजागर थे कि उसे ब्रिटेन में बैठे खालिस्तान समर्थकों से मदद मिल रही थी। पंजाब में अपना जनाधार मजबूत करने के लिए अमृतपाल ने गुरुग्रंथ साहब की आड़ ली और सिख धर्म की रक्षा का नारा बुलंद किया था। इस तरह उसने अच्छी संख्या में युवाओं को अपने साथ खड़ा कर लिया था। उसकी ताकत तब समझ में आई जब उसके एक समर्थक को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने हथियारबंद होकर अजनाला थाने पर हमला कर दिया था। आखिरकार उसके उस समर्थक को छोड़ना पड़ा था। मगर अमृतपाल तभी से पंजाब पुलिस की नजर में चढ़ गया था। अजनाला की घटना के बाद वह इतना उद्दंड हो गया था कि खुलेआम केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय को चुनौती देने लगा था। आखिरकार केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पंजाब पुलिस को उसकी गिरफ्तारी में मदद की और पुख्ता रणनीति के तहत उसे पकड़ने की कोशिश की गई। मगर पुलिस को चकमा देकर अमृतपाल भाग निकला और करीब पैंतीस दिनों तक छिपता फिरा। फिर पंजाब के मोगा जिले के रोडे गांव के गुरुद्वारे में उसके होने की सूचना मिली और बिना किसी कवायद के वह पकड़ा गया। अमृतपाल के सभी प्रमुख समर्थक पकड़े जा चुके हैं। इस तरह उसके पकड़े जाने के बाद अब खालिस्तान के समर्थन में भड़काई जा रही चिनगारी के शांत पड़ जाने की उम्मीद की जा रही है। पंजाब सरकार ने भी चेतावनी दी है कि जो भी राज्य में शांति भंग करने का प्रयास करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है और वहां सुरक्षा-व्यवस्था के मामले में किसी भी तरह की कोताही किसी बड़ी आतंकी साजिश को हवा दे सकती है। ऐसे में अमृतपाल वहां अलगाववादी आंदोलन भड़काने की कोशिश कर रहा था, फिर भी पंजाब पुलिस उस तरह सख्ती बरतती नजर नहीं आई थी, जैसी अपेक्षा की जाती है। क्या वजह थी कि अजनाला थाने पर हमले के बाद भी उसे निर्भय घूमते रहने का मौका दिया गया और वह पत्रकारों को साक्षात्कार दे रहा था।

## Health is Wealth

### आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगा

# उबले आलू का फेसपैक

## ये हैं फायदे और बनाने का तरीका

आ पने आजतक आलू का इस्तेमाल खाने के लिए कई तरह से किया होगा। ज्यादातर सब्जियां आलू के बिना अधूरी रह जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं आलू न सिर्फ आपके स्वाद बल्कि आपकी खूबसूरती का भी अच्छी तरह ध्यान रख सकता है। जी हां, आलू की मदद से आप न सिर्फ अपने चेहरे की रंगत निखार सकते हैं बल्कि त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं को भी दूर कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे बनाया जाता है उबले आलू का फेस पैक और इसे त्वचा पर लगाने से मिलते हैं क्या फायदे।



### उबले हुए आलू का फेसपैक बनाने का तरीका

उबले हुए आलू से फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले एक उबला हुए आलू के छिलके उतारकर उसे अच्छी तरह मैश कर लें। ऑयली स्किन वाले लोग आलू में बेसन और ड्राई स्किन वाले लोग आलू में शहद या मलाई मिलाएं। अब इस मिश्रण को सबसे पहले हाथ पर लगाकर अपना एलर्जी टेस्ट कर लें। उसके बाद ही इस पैक को अपने चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाकर छोड़ें। इसके बाद चेहरे को पानी से धो लें। आप इस फेस पैक का यूज हफ्ते में दो बार कर सकते हैं।

### उबले हुए आलू का फेसपैक चेहरे पर लगाने से मिलते हैं ये फायदे

#### चेहरे की बढ़ाए रंगत

आलू विटामिन सी से भरपूर होने की वजह से त्वचा की रंगत निखारने में मदद कर सकता है। इस फेसपैक को चेहरे पर लगाने से त्वचा गोरी होती है। इसके अलावा आलू में मौजूद विटामिन सी कोलैजन का प्रोडक्शन करता है। जिससे चेहरे की सूजन ठीक होती है।

#### काले धब्बों से दिलाए निजात

अक्सर जरूरत से ज्यादा तनाव लेने, रात को देर तक जागने या फिर अधिक स्क्रीन एक्सपोजर की वजह से लोगों की आंखों के नीचे काले धब्बे पड़ जाते हैं। ऐसे में उबले आलू का फेसपैक त्वचा को टाइट रखते हुए स्किन से काले धब्बों के निशान भी हटाने में मदद करता है।

#### मुहांसों से दिलाए निजात

उबले हुए आलू का फेसपैक चेहरे की कई समस्याओं को खत्म करने का काम करता है। चेहरे पर होने वाले मुहांसे सिटोकाइन की वजह से होते हैं। उबला आलू एंटी-इंफ्लेमेटरी प्रभाव डालकर मुहांसों की समस्या से निजात दिलाता है।

# क्या आप जानते हैं 5 तरह का होता है मलेरिया बुखार? जानें लक्षण और बचाव के उपाय

दुनियाभर में हर साल 25 अप्रैल को 'विश्व मलेरिया दिवस' (World Malaria Day 2023) मनाया जाता है। यह खास दिन लोगों को मलेरिया के प्रति जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। बता दें, मलेरिया मादा मच्छर एनोफेलीज के काटने से होता है। इस बीमारी के प्रति लापरवाही बरतने पर रोगी की जान तक जा सकती है। हर साल की तरह इस साल भी विश्व मलेरिया दिवस के लिए एक खास थीम 'Ready To Combat Malaria' यानी मलेरिया से लड़ने के लिए तैयार रखी गई है। जिसका उद्देश्य लोगों को मलेरिया से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए जागरूक करना है। आमतौर पर बहुत कम लोगों को ही इस बात का पता होता है कि मलेरिया बुखार एक नहीं बल्कि 5 तरह का होता है। अगर अब तक आप भी इस बात से अनजान थे तो आइए आपको बताते हैं आखिर कौन से होते हैं वो 5 तरह के मलेरिया बुखार, इसके लक्षण और बचाव के उपाय।

5 तरह का होता है मलेरिया

यब बात तो हर कोई जानता है कि मलेरिया मादा मच्छर एनोफिलीज के काटने से होता है। लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि मलेरिया फैलाने वाली इस फीमेल एनोफिलीज मच्छर में जीवाणु की 5 जातियां होती हैं। इस मच्छर के काटते ही व्यक्ति के शरीर में प्लाज्मोडियम नामक जीवाणु प्रवेश करके कई गुना बढ़कर लिवर और रक्त कोशिकाओं को संक्रमित करके व्यक्ति को बीमार बना देता है। अगर समय पर रोगी को सही इलाज न मिले तो उसकी जान भी जा सकती है।

### ● मलेरिया के लक्षण

आमतौर पर संक्रमण फैलाने वाले मच्छर के किसी व्यक्ति को काटने पर इसके लक्षण 7 से 30 दिन में दिखने लगते हैं। लेकिन कई बार कुछ परजीवी प्रजातियों का संक्रमण लक्षण दिखने के बाद भी प्रकट नहीं होता। एक्सपर्ट्स की मानें मलेरिया के लक्षण हर व्यक्ति में अलग हो सकते हैं। बावजूद इसके आप इन लक्षणों पर गौर करके इस बीमारी का पता लगा सकते हैं।

● ठंड लगना ● तेज बुखार ● सिरदर्द ● गले में खराश ● पसीना आना ● थकान ● बैचेनी होना ● उल्टी आना ● एनीमिया ● मांसपेशियों में दर्द ● मल में खून आना

### ● मलेरिया के प्रकार

1. प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम
2. प्लास्मोडियम मलेरिया
3. प्लास्मोडियम विवैक्स
4. प्लास्मोडियम ओवले
5. प्लास्मोडियम नोलेसी

### ● मलेरिया से बचाव

1. शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़े पहनें।
2. घर के आसपास पानी जमा न होने दें। ठहरे हुए पानी में मच्छर पैदा न हो इसके लिए बारिश शुरू होने से पहले ही गड्ढे भरवा लें।
3. घर के आसपास कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करवाएं।
4. मलेरिया के लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

## Highlights

1. What were the reasons behind death of 2 cheetahs within a month in India?
2. 4 shops gutted as fire breaks out in Delhi's Sarojini Nagar
3. Fly Dubai aircraft that caught fire minutes after taking off from Nepal lands safely
4. I was Bhagwant Mann's 1st friend when he joined AAP: Raghav Chadha
5. Don't wish to become PM: Nitish Kumar after meeting Akhilesh Yadav
6. Opposition parties will fight together against BJP: Mahua Moitra
7. Rajnath Singh is serious candidate for PM's post: Satya Pal Malik
8. Hundreds of farmers committing suicide, PM isn't bothered: KCR
9. Elon Musk reveals his alternative Twitter account

# Decide plea against Google's new billing policy by April 26, Delhi HC orders CCI

**NEW DELHI, (Agency).** The Delhi high court on Monday told the Competition Commission of India (CCI) to decide a complaint filed by Alliance of Digital India Foundation (ADIF), an industry body of Indian startups, against Google's new user-choice billing policy and decide the same by April 26.

"...there is no impediment, whether legal or otherwise, in directing the CCI to hear the applications filed by the petitioner under section 42 and decide it on or before April 26," justice Tushar Gedela said on Monday, ruling on the plea against Google's policy in relation to permitting the use of third party payment processors for paid app downloads and in-app purchases on a commission basis.

The ADIF wants Google to keep its proposed user-choice




billing system in abeyance till CCI completes investigation of their complaint over the tech giant's non-compliance with the competition watchdog's ruling in the Google Play Store policy case.

A detailed copy of the high court's verdict is awaited.

According to ADIF, Google earlier required app developers to use its payment method named Google Play Billing System (GPBS) for all transactions, including paid app downloads and in-app purchases. In October 2022, on an application by ADIF, CCI slapped a fine on Google for GPBS and directed it to allow use of third-party billing services for in-app payments.

ADIF moved the high court earlier this month, underlining that under its 'user-choice billing' (UCB) policy, which is slated to come into force from April 26, Google will be able to charge service fee at 11% or 26% in case of third party payment processors, which is anti-competitive and an attempt to bypass an order passed by the Competition Commission of India, news agency PTI said.

# Cash-strapped Bed Bath & Beyond files for bankruptcy, plans to shut stores

**NEW DELHI, (Agency).** Bed Bath & Beyond Inc. filed for Chapter 11 bankruptcy in New Jersey with plans to shut down, putting thousands of jobs on the line.

The US housewares retailer will use the court process to begin liquidating its 360 Bed Bath & Beyond stores and 120 Buy Buy Baby shops, while also searching for a buyer for some or all of its assets, according to a statement. The company may "pivot away" from the store closings if there's a successful sale.

Bed Bath & Beyond estimated it had assets of $4.4 billion and total debt of $5.2 billion as of late November, according to a court filing. The number of creditors is between 25,001 and 50,000, with BNY Mellon having the biggest unsecured claim of $1.18 billion. Bed Bath & Beyond's




chief financial officer, Holly Etlin, will serve as chief restructuring officer to manage the bankruptcy.

The Union, New Jersey-based company's crisis spiraled this year, starting in January when it said there was "substantial doubt" about its ability to keep operating and that it was weighing options to restructure its debts. Later that month, it received a default notice from JPMorgan Chase & Co. after breaching terms on a credit line.

The retailer received a last-minute lifeline from the hedge fund Hudson Bay Capital Management — a deal that would have given Bed Bath & Beyond more than $1 billion under certain conditions. But the company failed to meet stock-price minimums, and the deal was terminated.

New Delhi

# दिल्ली: Like से लखपति बनने का लालच बना गया कंगाल, क्रिप्टोकरेंसी से पैसे कमाने के चक्कर में 500 लोग बर्बाद

**नई दिल्ली, (एजेंसी) ऑनलाइन फ्रॉड... ये महज एक टर्म नहीं बल्कि एक ऐसा जाल है जिसके जंजाल में रोजाना हजारों लोग फंस जाते हैं. शातिर नए-नए तरीकों से लोगों को ठग रहे हैं. अब पुलिस के हत्थे एक ऐसा गैंग चढ़ा है जिसने ऑनलाइन क्रिप्टोकरेंसी बिजनेस से पैसे कमाने का लालच देकर 500 लोगों को ठगा था. शातिर दुबई से अपने गैंग को ऑपरेट कर रहे थे. इतना ही नहीं, ये लोग कुछ चीनी लोगों के संपर्क में भी थे.**



पुलिस ने क्रिप्टोकरेंसी के नाम पर ठगी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. इनकी पहचान फरहान अंसारी (30), संजय डबास (26), पंकज वाधवा (38) और मोनू (42) के रूप में हुई है. पुलिस ने बताया कि वाधवा के पास से 5.50 लाख कैश बरामद किए हैं, जबकि इन आरोपियों के कई बैंक अकाउंट्स में करीब 24 लाख रुपये जमा थे. पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपियों के बैंक अकाउंट में एक ही दिन में 1 करोड़ रुपये का लेनदेन होता था.

पुलिस ने कहा कि फरवरी में दिल्ली की एक महिला से एक ही दिन में 22 लाख रुपये की ठगी हुई थी. महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह ऑनलाइन नौकरी की तलाश कर रही थी. इसी दौरान उसे एक अनजान नंबर से एक व्हाट्सएप मैसेज मिला. ये मैसेज ऑनलाइन ठगों का था. इसमें लालच दिया गया था कि वह एक लिंक पर क्लिक करके अगर उसे लाइक करती है, तो उसके अकाउंट में हर लाइक के हिसाब से 50 रुपये भेजे जाएंगे. महिला लालच में आ गई. जब वह राजी हो गई तो उसके पास एक फोन कॉल आया, दूसरी तरफ भी शातिर महिला थी. उसने अपना नाम जरीन बताया.

Uttarakhand



## खुले केदारनाथ धाम के कपाट, पावन अवसर के साक्षी बने हजारों श्रद्धालु

**केदारनाथ, (एजेंसी)** केदारनाथ धाम के कपाट आज मंगलवार को सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाटोद्घाटन के शुभ अवसर पर केदारनाथ मंदिर को 35 क्विंटल फूलों से सजाया गया है। 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालु कपाटोद्घाटन की पावन बेला के साक्षी बने। इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। वहीं, गायक रूप कुमार राठौर और सुनाली राठौर की भजन प्रस्तुति दी। सुबह पांच बजे से ही कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ बाबा केदार की पंचमुखी भोग मूर्ति चल उत्सव विग्रह डोली में विराजमान होकर रावल निवास से मंदिर परिसर में पहुंची।

Rajasthan

## राजस्थान में आरक्षण के लिए आंदोलनकारी ने पेड़ पर लगा ली फांसी, सुसाइड नोट में लिखा- 12% लेकर रहेंगे

**भरतपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के भरतपुर में सैनी आरक्षण आंदोलन स्थल पर एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। बीते कई दिनों से यह व्यक्ति आंदोलन में शामिल था। आंदोलन स्थल के पास सड़क किनारे पड़ा मिला शव। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। सैनी-माली समाज के आरक्षण आंदोलन का आज मंगलवार पांचवा दिन है। यहां आंदोलनस्थल अरोदा गांव के पास चह गांव में नेशनल हाईवे-21 के किनारे सैनी समाज के एक आंदोलनकारी ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस की मौजूदगी में शव को मंगलवार सुबह एंबुलेंस से नदबई हॉस्पिटल ले जाया गया है।मृतक की पहचान नजदीकी गांव ललिता मुड़िया निवासी मोहन सिंह के रूप में हुई है। शव को भरतपुर के राय बहादुर मेमोरियल (आरबीएम) अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। मोहन सिंह सैनी समाज से था और आंदोलन में शामिल था। उसकी जेब से मिले पर्चे पर लिखा था- 'ज्योतिबा फुले अमर रहे, 12 प्रतिशत आरक्षण लेकर रहेंगे।'

Jharkhand

# बिहार से रांची आ रही बस घाटी में पलटी, 3 की मौत; 15 से ज्यादा घायल



**रांची, (एजेंसी)** झारखंड के रामगढ़ थानाक्षेत्र अंतर्गत चुटुपालू घाटी में मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। बिहार से झारखंड के बीच चलने वाली बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में पुलिसकर्मी सहित 3 लोगों की मौत हो गई वहीं 15 से ज्यादा लोग घायल हैं। घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर है। हादसे में जान गंवाने वाला पुलिसकर्मी रांची में पदस्थापित था। सड़क दुर्घटना की वजह से रांची-रामगढ़ लेन घंटों जाम रहा। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। गंभीर रूप से घायलों को रिम्स भेजा गया है।

खेल

# दिल्ली ने पहली बार 150 से कम का स्कोर डिफेंड किया, हैदराबाद को लगातार पांचवीं बार हराया, मुकेश चमके

**हैदराबाद, (एजेंसी) आईपीएल 2023 के 34वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को सात रन से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में नौ विकेट विकेट गंवाकर 144 रन बनाए। मनीष पांडे और अक्षर पटेल ने 34-34 रन की पारी खेली।**




जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 137 रन ही बना सकी। मयंक अग्रवाल ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। वहीं, हेनरिच क्लासेन ने 19 गेंदों में 31 रन की पारी खेली। दिल्ली ने आईपीएल के 16 सीजन के इतिहास में पहली बार 150 से कम का टारगेट डिफेंड किया है। यह दिल्ली की हैदराबाद पर लगातार पांचवीं जीत रही।

### आखिरी दो ओवरों का रोमांच

हैदराबाद को आखिरी दो ओवर में 23 रन की जरूरत थी। तब वॉशिंगटन सुंदर और हेनरिच क्लासेन क्रीज पर थे। 19वें ओवर में 10 रन बने और टीम ने क्लासेन का विकेट गंवाया। इसके बाद आखिरी ओवर में हैदराबाद को 13 रन की जरूरत थी। गेंदबाजी के लिए मुकेश कुमार आए। स्ट्राइक पर वॉशिंगटन सुंदर और मार्को यानसेन थे।

पहली गेंद पर सुंदर ने दो रन लिए। इसके बाद अगली गेंद डॉट रही। तीसरी गेंद पर मुकेश ने एक रन दिया। चौथी गेंद पर यानसेन ने भी एक रन लिया। पांचवीं गेंद पर मुकेश ने एक रन दिया। वहीं, आखिरी गेंद पर दिल्ली को आठ रन की जरूरत थी, जो कि लगभग नामुमकिन था। मुकेश ने आखिरी गेंद पर कोई रन नहीं दिया। इस तरह दिल्ली ने सात रन से जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही थी। पहले ओवर में ही भुवनेश्वर ने फिलिप सॉल्ट को विकेटकीपर क्लासेन के हाथों कैच कराया। सॉल्ट खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद कप्तान डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने दूसरे विकेट के लिए 38 रन की साझेदारी निभाई। मिचेल को टी नटराजन ने एल्बीडब्ल्यू आउट किया। मार्श 15 गेंदों में पांच चौके की मदद से 25 रन बना सके।

इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर की घातक गेंदबाजी देखने को मिली। आठवें ओवर में उन्होंने तीन विकेट झटके। सबसे पहले सुंदर ने वॉर्नर को हैरी ब्रूक के हाथों कैच कराया। वह 20 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 21 रन बना सके। इसके बाद सरफराज खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे। उन्होंने भुवनेश्वर को कैच थमाया। सरफराज नौ गेंदों में 10 रन बना सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अमन हकीम खान भी इसी ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हो गए। सुंदर ने उन्हें अभिषेक शर्मा के हाथों कैच कराया। अमन चार रन बना सके।

62 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद मनीष पांडे और अक्षर पटेल ने छठे विकेट के लिए 60 गेंदों में 69 रन की साझेदारी निभाई। अक्षर पटेल 18वें ओवर में आउट हुए।

सिनेमा

# गोविंदा को ऑफर हुई थी बीआर चोपड़ा की 'महाभारत', ऑडिशन दिया सिलेक्ट भी हुए लेकिन फिर...



बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' ने कई गुमनाम सितारों को पहचान दिलाई। 'महाभारत' की वजह से ही कई एक्टर्स दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए अमर हो गए। हालांकि, बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने नाम कमाने के लिए इसी 'महाभारत' का ऑफर ठुकरा दिया था। दरअसल, डेब्यू से पहले ही गोविंदा को टीवी की पौराणिक धारावाहिक 'महाभारत' में 'अभिमन्यु' का किरदार ऑफर हुआ था। ऑफर मिलने के बाद वे बहुत खुश भी हुए थे। उन्होंने ऑडिशन भी दिया था। लेकिन, फिर अचानक कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने अभिमन्यु का किरदार निभाने से मना कर दिया।

दरअसल, जब उन्होंने 'महाभारत' के लिए ऑडिशन दिया था तभी उन्हें उनकी पहली बॉलीवुड फिल्म का भी ऑफर मिला था। पहले तो वे कंफ्यूज हो गए। लेकिन, उन्हें याद आया कि जब उन्होंने ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी तब उनके पिता ने उन्हें फिल्मों में ही करियर बनाने की सलाह दी थी। इसलिए उन्होंने 'महाभारत' का ऑफर ठुकराकर अपनी डेब्यू फिल्म 'तन बदन' का ऑफर एक्सेप्ट कर लिया। इस फिल्म में वे खुशबू के अपोजिट नजर आए थे। बता दें, इस फिल्म का निर्देशन किसी और ने नहीं बल्कि गोविंदा के अंकल आनंद ने ही किया था।

वहीं गोविंदा के इनकार करने के बाद बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' में अभिमन्यु का किरदार अभिनेता मयूर ने निभाया था। 'महाभारत' से पहले मयूर को अमिताभ बच्चन की फिल्म 'कालिया' में एक जूते पॉलिश करने वाले की भूमिका में देखा गया था।

# देर रात 5 घरों में घुसा ट्राला, एक की मौत, आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खुडैल इलाके में सोमवार रात एक तेज रफ्तार ट्राले ने एक के बाद एक पांच घरों को नुकसान पहुंचा दिया। इस हादसे में एक ही परिवार के दो घर पूरी तरह तबाह हो गए। वहीं एक व्यक्ति की मौत हो गई और कमरे में सो रहे तीन बच्चे बुरी तरह से घायल हो गए। मृतक का भाई और उसका परिवार भी हादसे का शिकार हुआ है। पुलिस ने मामले में ट्राले के ड्राइवर पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ट्राला घुसने से धमाके जैसी जोरदार आवाज और भूकंप जैसे भारी कंपन से डरकर कई ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए।**

खुडैल पुलिस के मुताबिक घटना ग्राम दूधिया की है। यहां रात साढ़े बारह बजे के लगभग तेज रफ्तार से जा रहा ट्राला बेकाबू होकर घरों में जा घुसा। हादसे में शंकरलाल (55 ) पुत्र घीसालाल की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके बच्चे गोपाल (15), श्रवण (13) और प्रतीक्षा (19) गंभीर घायल हुए हैं। ट्राले ने शंकर के भाई गुलाब के मकान को भी नुकसान पहुंचाया। जिसमें गुलाब उसका बेटा नरेन्द्र (13), बेटी पायल (17) गंभीर रूप से घायल हो गए।

ट्राला शंकर और गुलाब के घरों को तोड़ते हुए पड़ोसी राजेन्द्र जाट, संजू मिस्त्री और आंनद जाट के मकानों में भी घुस गया। हादसे में तीनों के परिवार के सदस्य भी घायल हुए हैं। अचानक हुए हादसे से आसपास के मकानों की दीवारें हिल गई और घर के अंदर का सामान गिर गया। ग्रामीणों को भूकंप जैसे धमाके का अनुभव हुआ। इससे डरकर कई लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। बाद में बाहर आकर देखा तो हादसे के बारे में पता चला।

### पांच घंटे की मशक्कत के बाद निकले घायल

सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मशीन की मदद से ट्राले के आगे का हिस्सा काटा गया। वहीं ग्रामीणों ने रातभर मेहनत कर मलबे में से घायल लोगों को बाहर निकाला। सभी घायलों को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल भेजा गया है। दो और लोगों की हालत गंभीर बताई गई है।

# इंदौर के बस चालक की शिप्रा नदी में डूबने से मौत

### महाकाल दर्शन के लिए गया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। शिप्रा नदी में डूबने से रविवार रात को इंदौर के एक बस चालक की मौत हो गई। मृतक रविवार रात को दोस्तों के साथ उज्जैन आया था। सोमवार को तड़के होने वाली भस्म आरती से पूर्व वह शिप्रा नदी में नहाने के लिए कूदा था। मगर वापस नहीं निकला। महाकाल पुलिस ने मर्ग कायम किया है। एसआइ जीआर खाटकिया ने बताया कि शुभम पुत्र नरसिंह ठाकुर उम्र 24 वर्ष निवासी मालवीय नगर इंदौर बस चालक था। रविवार रात को वह अपने दोस्त दत्ता और विशाल के साथ उज्जैन आया था। यहां महाकाल मंदिर में भस्म आरती में शामिल होने के पहले वह शिप्रा नदी में स्नान करने के लिए गया था। जहां उसने छोटी रपट से शिप्रा नदी में कपड़े पहने हुए ही छलांग लगा दी थी। जिसके बाद वह नदी से वापस नहीं निकला था। इस पर दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव नदी से बाहर निकाला। मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक के दोस्तों ने पुलिस को बताया कि शुभम को तैरना आता था। मगर कपड़े पहनकर ही वह शिप्रा नदी में कूद गया था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है।

# 25 वर्षीय प्रसूता की कोरोना से मौत

● दस दिन में तीसरा मामला, सात नए मरीज मिले

**इंदौर**। शहर में कोरोना के मरीजों की संख्या बढने के साथ ही मौत का आंकड़ा भी बढ़ते जा रहा है। बीते 10 दिनों में कोरोना एक्टिव तीन मरीजों की मौत हो गई है। मौत की संख्या बढने से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की भी चिंता बढ़ गई है। दो दिन पहले 25 वर्षीय प्रसूता की मौत हो गई है। शहर में सात नए मरीज मिले हैं। महिला खंडवा की रहने वाली थी और करीब सात दिन पहले एमटीएच अस्पताल में इलाज करवाने के लिए आई थी। वह आईसीयू में भर्ती थी। महिला को सांस लेने में भी काफी परेशानी हो रही थी। तभी डाक्टरों ने उसकी कोरोना जांच करवाई, जिसमें वह पाजिटिव आई थी। हालांकि, नवजात अभी स्वस्थ है, डाक्टरों की विशेष निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

### दूसरी लहर में हुई थी 21 प्रसूताओं की मौत

बता दें कि इंदौर में कोरोना की दूसरी लहर में 21 पाजिटिव प्रसूताओं की मौत हो चुकी है। एमटीएच अस्पताल प्रभारी डा. अनुपमा दवे ने बताया कि महिला पिछले सात दिनों से आइसीयू में भर्ती थी। उसे सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। इस संबंध में नोडल अधिकारी डा. अमित मालाकार का कहना है कि महिला की कोरोना से मौत हुई है, लेकिन यह मौत खंडवा जिले में दर्ज की जाएगी, क्योंकि महिला खंडवा की रहने वाली है।

### दो मौत पहले भी

इससे पहले कोरोना से 12 अप्रैल को 98 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और 20 अप्रैल को 81 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो चुकी है। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा था। वहीं, अब तक इंदौर में कोरोना से मरने वालों की संख्या 1472 हो गई है। गौरतलब है कि शहर में लगातार कोरोना के मरीज सामने आने के बाद भी जिम्मेदार लोगों की सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। शहर में अभी भी वैक्सीनेशन केंद्र शुरू नहीं हुए है।

### सात नए मरीज मिले

इंदौर शहर में कोरोना रोजाना नए मरीज सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना बुलेटिन के अनुसार मंगलवार को 81 सैंपल जांच के लिए गए थे। इनमें से 74 की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। वहीं सात नए मरीज मिले हैं। अभी शहर में कोरोना के 50 एक्टिव मरीज है। रोजाना आ रहे कोरोना के मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता भी बढ़ा दी है।

# दो पक्षों के बीच में खूनी संघर्ष, युवक की हत्या, दो घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दो पक्षों के बीच में खूनी संघर्ष हो गया। इसमें एक युवक की हत्या हो गई। वहीं दो अन्य युवक घायल हो गए। आरोपियों का एक महिला से विवाद हो रहा था। इस पर युवक बीच-बचाव करने के लिए आए तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया।**

लसूडिय़ा पुलिस ने बताया कि हरीश पिता नारायण , राजन पिता मुन्नालाल निवासी धीरज नगर और मगन निवासी बापू गांधी नगर को इलाज के लिए बड़े अस्पताल लाया गया, जहां पर इलाज के दौरान राज तिवारी की मौत हो गई। टीआइ संतोष दुधी ने बताया कि कल रात को बापू गांधी नगर में दो पक्षों के बीच में खूनी संघर्ष हो गया था। सूचना पर पुलिस का दल भी वहां पर पहुंच गया। जांच में पता चला है कि बाबू गांधीनगर में दीपा बाई तथा उसकी मां काली बाई रहती है। दीपा बाई का पति रोहित चौहान मेघदूत नगर में रहता है। उनके घर पर रोहित के दोस्त राजन तिवारी, हरीश चौधरी और अन्य लोग आते हैं। वहां पर बैठकर शराब पीते हैं। जिससे पड़ोस में रहने वाले मदन और उसके भाई सजन को आपत्ति है। उनका कहना है कि मोहल्ले में बाहर के लोगों को बुलवाकर अपने घर में क्यों बैठाती है।

इसी बात को लेकर कल शाम को काली बाई और उसकी बेटी दीपा बाई के साथ में विवाद करना शुरू कर दिया। दीपा बाई के पति रोहित ने राजन और हरीश के साथ मिलकर दूसरे पक्ष से विवाद करना शुरू कर दिया। मामला मारपीट तक जा पहुंचा। दोनों ही पक्षों से चाकू चले। इस चाकूबाजी में हरीश और राजन के साथ में मगन भी घायल हो गया। सभी को घायल हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां पर राजन की मौत हो गई। बाकी दोनों का इलाज चल रहा है।

मृतक के साथी राहुल ने बताया कि राजन तो हरीश के साथ में घर जा रहा था। बापू गांधी नगर में मगन और अन्य आरोपी किसी महिला के साथ में विवाद कर रहा थे। इसी दौरान वह लोग वहां से निकले तो आरोपियों को लगा कि महिला ने उन्हें बुलाया है। इस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। मगन घायल हुआ है। उसे तो मोहल्ले के लोगों ने बाद में पीटा। उसके साथ हमला कर भाग गए थे।

# बच्चों में विवाद, दोनों और से लगे धार्मिक नारे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू में सोमवार शाम को शहर के छावनी परिषद गार्डन में खेलने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बच्चों के दो गुट आमने सामने हो गए। दोनों ओर से धार्मिक नारे लगाने लगे। कुछ समय बाद दोनों तरफ से पथराव शुरू हो गया। गार्डन में मौजूद भीड़ जैसे-तैसे बाहर निकली। गार्डन के चौकीदार शिव ने बताया कि बच्चों का विवाद हो रहा था, विवाद के दौरान दोनों और से धार्मिक नारे लगे, पथराव शुरू हो गया। इस दौरान गार्डन में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पत्थर लगने के डस से लोग भागते नजर आए। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके पहले ही उत्पात करने वाले यहां से चले गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रात 8 बजे तक सड़क पर पत्थर पड़े दिखे।

# भाजपा नेता के बेटे ने दोस्तों के साथ मिलकर पीटा

### दो महिलाओं सहित पांच घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुजरखेड़ा में आपसी विवाद को लेकर दो गुटों में झगड़ा हो गया। इसमें एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के युवकों और महिलाओं पर बैट और डंडे से हमला कर घायल कर दिया। इसमें 5 लोग घायल हुए हैं। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इस मारपीट में दो युवक एवं एक बालिका और दो महिला सहित 5 लोग घायल हुए।

भाजपा के स्थानीय नेता राम चौहान के पुत्रों ने यश चौहान, अन्नू चौहान, शान चौहान एवं अन्य महिलाओं के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जिन्हें 108 की मदद से सिविल अस्पताल पहुंचाया। आरोपियों ने फरियादियों को फोन करके घर के पास बगीचे में मिलने बुलाया था। जहां भाजपा नेता राम चौहान के बेटे और उसके दोस्तों ने हॉकी, डंडों से यश चौहान चौहान, अन्नू चौहान, बहन साना चौहान के साथ मारपीट कर दी। यह देखकर घर की अन्य महिलाएं भी यश, अन्नू चौहान को बचाने पहुंची तो राम चौहान के बेटे और उसके दोस्तों ने महिलाओं के साथ भी मारपीट की। इसमें महिलाओं के हाथ व पैरों में चोट आई है। जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच कर मुकदमा दर्ज किया है।

sponcership




Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल

Daily Newspaper
www.dgr.co.in

Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com

Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें

+91 91110 30505

Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।